दिनांक: 28 फरवरी, 2024

# राष्ट्रीय दलों के आय एवं व्यय का विश्लेषण: वित्तीय वर्ष 2022-23

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स
द्वारा विश्लेषित रिपोर्ट

पता: टी- 95 दूसरी मंजिल, सी एल हाउस,
गौतम नगर, दिल्ली – 110049
ईमेल: adr@adrindia.org; दूरभाष : 011- 4165 4200

# विस्तृत रिपोर्ट

## प्रस्तावना

राजनीतिक दल विभिन्न स्त्रोतों से दान प्राप्त करते हैं इसलिए जवाबदेही और पारदर्शिता उनके कामकाज का महत्वपूर्ण पहलू होना चाहिए | व्यापक और पारदर्शी लेखा प्रणाली के लिए पार्टियों को सही वित्तीय स्थिति प्रदर्शित करना आवश्यक है | भारत निर्वाचन आयोग (ई.सी.आई.) ने 19 नवम्बर, 2014 को राजनीतिक दलों के अध्यक्षों/महामंत्रियों को सम्बोधित करते हुए अपने पत्र में लिखा कि सभी दलों को उनकी ऑडिट रिपोर्ट का विवरण प्रस्तुत करना अनिवार्य है |

इस रिपोर्ट में राष्ट्रीय दलों के कुल आय और व्यय का विश्लेषण है जो उन्होंने वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए अपने आयकर में भारत निर्वाचन आयोग के समक्ष प्रस्तुत किया | राष्ट्रीय दलों में भारतीय जनता पार्टी (**बीजेपी**), इंडियन नेशनल कांग्रेस (**कांग्रेस**), बहुजन समाज पार्टी (**बीएसपी**), कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ़ इंडिया (मार्क्सिस्ट) (**सीपीआई (एम)**), आम आदमी पार्टी (**आप**) और नेशनल पीपुल्स पार्टी (**एनपीईपी**) है |

## i. राष्ट्रीय दलों द्वारा प्रस्तुत ऑडिट रिपोर्ट


- राजनीतिक दलों के लिए वार्षिक ऑडिट रिपोर्ट प्रस्तुत करने की नियमित तारीख **31 अक्टूबर 2023** थी |
- केवल **सीपीआई (एम)** ने अपना ऑडिट रिपोर्ट **समयसीमा पर प्रस्तुत** किया है जबकि **आम आदमी पार्टी**, **बीएसपी**, **एनपीईपी**, **कांग्रेस**, और **बीजेपी** ने अपना ऑडिट रिपोर्ट क्रमशः **5** दिनों, **23** दिनों, **27** दिनों, **64** दिनों और **72** दिनों की देरी के बाद चुनाव आयोग को जमा किया है |

| National Political Parties: Due date for submission: 31 Oct,'23 | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **S. No.** | **National Party** | **Party Code** | **Status of submission** | **Date of submission** | **No. of days by which delayed** |
| 1 | Communist Party of India (Marxist) | CPI(M) | - | 30 October, 2023 | - |
| 2 | Aam Aadmi Party | AAP | **Submitted with delay** | 6 November, 2023 | **5 Days** |
| 3 | Bahujan Samaj Party | BSP | **Submitted with delay** | 24 November, 2023 | **23 Days** |
| 4 | National Peoples Party | NPEP | **Submitted with delay** | 28 November, 2023 | **27 Days** |
| 5 | Indian National Congress | INC | **Submitted with delay** | 4-January-2024 | **64 Days** |
| 6 | Bhartiya Janata Party | BJP | **Submitted with delay** | 12 January, 2024 | **72 Days** |

## ii. राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के आय एवं व्यय - वित्तीय वर्ष-2022-23

- वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान **बीजेपी** ने कुल **रु 2360.844 करोड़** की आय घोषित की है जिसमें से पार्टी ने कुल आय का **57.68% (रु 1361.684 करोड़)** ही खर्च किया है | **कांग्रेस** की कुल आय **रु 452.375 करोड़** थी जबकि पार्टी ने **रु 467.135 करोड़** खर्च किए हैं जो पार्टी के कुल आय से **3.26%** (रु 14.76 करोड़) अधिक है |
- **सीपीआई(एम)** ने **रु 141.661 करोड़** की कुल आय घोषित की है जिसमें से पार्टी ने कुल आय का **74.87%** (रु 106.067 करोड़) का व्यय किया है |
- **आम आदमी पार्टी** की कुल आय **रु 87.17 करोड़** थी जबकि पार्टी ने **रु 102.051 करोड़** खर्च किए हैं जो पार्टी के कुल आय से **19.82%** ज्यादा है जबकि **एनपीईपी** ने अपने कुल आय का केवल **91.67%** राशि ही खर्च की है |


| National Party | Total income and expenditure declared by Political Parties, FY 2022-23 (in Rs cr) | | | |
|---|---|---|---|---|
| | Total declared Income (A) | Total declared Expenditure (B) | Excess of income over expenditure (A-B=C) | Share of income remaining unspent (C/A*100) |
| BJP | 2360.844 | 1361.684 | 999.16 | 42.32% |
| INC | 452.375 | 467.135 | -14.76 | -3.26% |
| CPI(M) | 141.661 | 106.067 | 35.594 | 25.13% |
| AAP | 85.17 | 102.051 | -16.881 | -19.82% |
| BSP | 29.27 | 18.424 | 10.846 | 37.06% |
| NPEP | 7.562 | 6.932 | 0.63 | 8.33% |
| **Total** | **Rs 3076.882 cr** | **Rs 2062.293 cr** | **Rs 1014.589 cr** | **32.97%** |



## iii. वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए राष्ट्रीय दलों की कुल आय


- राष्ट्रीय दलों की आय पूरे भारतवर्ष से विभिन्न स्त्रोतों से संकलित की गई है जैसा की उन्होंने अपने ऑडिट रिपोर्ट में प्रस्तुत किया है |
- 6 राष्ट्रीय दलों (**बीजेपी, कांग्रेस, बीएसपी,** (**सीपीआई (एम)**), **आम आदमी पार्टी** और **एनपीईपी** ने पूरे भारतवर्ष से कुल मिलाकर **रु 3076.882 करोड़** की आय घोषित की है |
- **बीजेपी** ने सबसे अधिक **रु 2360.844 करोड़** की आय घोषित की है जो इन 6 दलों के कुल आय का **76.73%** है, दूसरे स्थान पर **कांग्रेस** ने **रु 452.375 करोड़** की आय घोषित की है जो 6 राष्ट्रीय दलों के कुल आय का **14.70%** है |
- **एनपीईपी** ने **रु 7.562 करोड़** की सबसे कम आय घोषित की है जो वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान 6 राष्ट्रीय दलों की कुल आय का मात्र **0.25%** है |

| Income of National Parties for FY 2022-23 | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **National Party** | **BJP** | **INC** | **CPI(M)** | **AAP** | **BSP** | **NPEP** |
| Total Income | Rs 2360.844 cr | Rs 452.375 cr | Rs 141.661 cr | Rs 85.17 cr | Rs 29.27 cr | Rs 7.562 cr |
| % Share of total Income | **76.73%** | **14.70%** | **4.60%** | **2.77%** | **0.95%** | **0.25%** |
| **Grand Total** | **Rs 3076.882 cr** | | | | | |



## iv. वित्तीय वर्ष 2021-22 और 2022-23 के बीच राष्ट्रीय दलों की कुल आय की तुलना

- **बीजेपी** की आय में **23.15%** (रु 443.724 करोड़) की वृद्धि हुई है | **बीजेपी** ने वित्तीय वर्ष 2021-22 में **रु 1917.12 करोड़** की आय घोषित की थी लेकिन पार्टी की आय वित्तीय वर्ष 2022-23 में बढ़कर **रु 2360.844 करोड़** हो गयी है |
- **एनपीईपी** की आय में **1502.12%** (रु 7.09 करोड़) की बढ़ोतरी हुई है | **एनपीईपी** ने वित्तीय वर्ष 2021-22 में **रु 47.20 लाख** की आय घोषित की थी जो वित्तीय वर्ष 2022-23 में बढ़कर **रु 7.562 करोड़** हो गयी है और **आम आदमी पार्टी** की आय वित्तीय वर्ष 2021-22 में **रु 44.539 करोड़** थी जो वित्तीय वर्ष 2022-23 में **91.23%** (**रु 40.631 करोड़**) बढ़कर **रु 87.17 करोड़** हो गयी है |
- वित्तीय वर्ष 2021-22 और 2022-23 के बीच की आय में क्रमशः **कांग्रेस – 16.42%** (रु 88.90 करोड़), **सीपीआई (एम)– 12.68 %** (रु 20.575 करोड़) और **बीएसपी – 33.14%** (रु 14.508 करोड़) की कमी हुई है |





## v. राष्ट्रीय दलों द्वारा घोषित आय के प्रमुख 3 स्त्रोत: वित्तीय वर्ष 2022-23

- राष्ट्रीय दलों के शीर्ष तीन मुख्य आय स्रोतों में दलों ने दान से अधिक धन प्राप्त किया है | **बीजेपी** ने **रु 2120.0642 करोड़**, **कांग्रेस** ने **रु 268.3416 करोड़**, **आम आदमी पार्टी** ने **रु 84.3416 करोड़**, **सीपीआई(एम)** ने **रु 63.783 करोड़** और **एनपीईपी** ने **रु 7.523 करोड़** |
- वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान, **कांग्रेस** ने **कूपन संग्रह** द्वारा **रु 125.7676 करोड़** की धनराशि अर्जित की है, जो पार्टी के कुल आय का **27.80%** है |

myneta.info National Election Watch

ADR Association for Democratic Reforms

## Primary sources of income of National Parties which have declared highest income, FY 2022-23 (in Rs Cr)





| National Party | Total Income | Top 3 sources of Income of Political Parties: Financial Year 2022-23 | | |
|---|---|---|---|---|
| | | Top 3 Sources of Income | Amount (in Rs cr) | Share of Income |
| **BJP** | **Rs 2360.844 cr** | Voluntary Contributions | 2120.0642 | **89.801%** |
| | | Interest from Banks | 237.383 | 10.055% |
| | | Fee and Subscription | 2.9776 | 0.126% |
| | | **Other Income** | 0.4192 | 0.018% |
| **INC** | **Rs 452.375 cr** | Grants/Donations/Contributions | 268.6278 | **59.38%** |
| | | Collection by Issuing Coupons | 125.7676 | 27.80% |
| | | Fee and Subscription | 42.4676 | 9.39% |
| | | **Other Income** | 15.512 | 3.43% |
| **CPI(M)** | **Rs 141.661 cr** | Grants/Donations/Contributions | 63.783 | **45.03%** |
| | | Fees & Subscription | 41.739 | 29.46% |
| | | Revenue from issue of Coupons | 11.031 | 7.79% |
| | | **Other Income** | 25.108 | 17.72% |
| **AAP** | **Rs 85.17 cr** | Donations & Contribution | 84.3416 | **99.027%** |
| | | Interest earned on FDR | 0.5679 | 0.667% |
| | | Interest on Saving Bank Accounts | 0.187 | 0.22% |
| | | **Other Income** | 0.0735 | 0.086% |
| **BSP** | **Rs 29.27 cr** | Fee & Subscriptions | 13.73 | **46.91%** |
| | | Bank Interest | 15.0487 | 51.41% |
| | | Gain on Sale of Immovable Property | 0.2849 | 0.97% |
| | | **Other Income** | 0.2064 | 0.71% |
| **NPEP** | **Rs 7.562 cr** | Grants/Donations/Contributions | 7.523 | **99.4843%** |

| National Party | Total Income | Top 3 sources of Income of Political Parties: Financial Year 2022-23 | | |
|---|---|---|---|---|
| | | Top 3 Sources of Income | Amount (in Rs cr) | Share of Income |
| | | FD Interest income | 0.0376 | 0.4972% |
| | | Fee and Subscription | 0.001 | 0.0132% |
| | | **Other Income** | 0.0004 | 0.0053% |
| **Total Income declared** | | | **Rs 3076.882 cr** | |

## vi. राष्ट्रीय दलों द्वारा घोषित व्यय के प्रमुख 3 स्त्रोत: वित्तीय वर्ष 2022-23

- वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान **बीजेपी** ने **रु 1092.1558 करोड़** का खर्च **चुनाव/ सामान्य प्रचार** में और **रु 191.4276 करोड़ प्रशासनिक लागत** में घोषित किया है |
- **कांग्रेस** ने सबसे अधिक व्यय **प्रशासनिक और सामान्य व्यय** में (रु 235.839 करोड़) और **चुनाव खर्च** में **रु 192.556 करोड़** खर्च घोषित किया है|
- **आम आदमी पार्टी** ने **प्रचार प्रसार** पर सबसे अधिक **रु 58.829 करोड़** का खर्च किया है इसके बाद **चुनाव खर्च** पर **रु 36.341 करोड़** का व्यय घोषित किया है |
- **सीपीआई(एम)** और **बीएसपी** ने प्रशासनिक और सामान्य खर्चों पर कमशः सबसे अधिक **रु 55.596 करोड़** और **रु 16.2779 करोड़** का व्यय घोषित किया है |
- **एनपीईपी** ने वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान अपने कुल व्यय का **95.54%** (रु 6.623 करोड़) चुनावी व्यय पर खर्च करने की घोषणा की है |

Major items of Expenditure of National Parties which have incurred highest expenses, FY 2022-23 (in Rs Cr)




| National Party | Total Expenditure | Top 3 Items of Expenditure of Political Parties: Financial Year-2022-23 | | |
|---|---|---|---|---|
| | | Top 3 Items of Expenditure | Amount (in Rs cr) | % Of Expenditure |
| BJP | Rs 1361.684 cr | Election/General Propaganda | 1092.1558 | **80.21%** |
| | | Administrative Costs | 191.4276 | 14.06% |
| | | Employee Costs | 51.9158 | 3.81% |
| | | **Other Expenditure** | 26.1848 | 1.92% |
| INC | Rs 467.135 cr | Administrative & General Expenses | 235.839 | **50.49%** |
| | | Election Expenditure | 192.556 | 41.22% |
| | | Employee Costs | 26.718 | 5.72% |
| | | **Other Expenditure** | 12.022 | 2.57% |
| CPI(M) | Rs 106.067 cr | Administrative & General Expenses | 55.596 | **52.42%** |
| | | Employee Costs | 44.615 | 42.06% |
| | | Election Expenditure | 5.75 | 5.42% |
| | | **Other Expenditure** | 0.106 | 0.10% |
| AAP | Rs 102.051 cr | Propaganda Expenses | 58.829 | **57.65%** |
| | | Election Expenditure | 36.341 | 35.61% |
| | | Administrative & General Expenses | 5.827 | 5.71% |
| | | **Other Expenditure** | 1.054 | 1.03% |
| BSP | Rs 18.424 cr | Administrative & General Expenses | 16.2779 | **88.352%** |
| | | Election Expenditure | 2.088 | 11.333% |
| | | Employee Costs | 0.054 | 0.293% |
| | | **Other Expenditure** | 0.0041 | 0.022% |
| NPEP | Rs 6.932 cr | Election Expenditure | 6.623 | **95.54%** |
| | | Employees Cost | 0.2398 | 3.46% |
| | | Administrative and General Expenses | 0.0646 | 0.93% |
| | | **Other Expenditure** | 0.0046 | 0.07% |
| **Total Expenditure declared** | | | **Rs 2062.293 cr** | |

## vii. राष्ट्रीय दलों द्वारा घोषित आय के सभी स्त्रोत: वित्तीय वर्ष 2022-23

- वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान, **3 राष्ट्रीय दलों** (बीजेपी, कांग्रेस और आम आदमी पार्टी) ने अपनी कुल आय का **49.096%** (रु 1510.6199 करोड़) की धनराशि **चुनावी बांड के माध्यम** से एकत्र किया है जिसमें **बीजेपी** ने रु 1294.1499 करोड़ **कांग्रेस** ने रु 171.02 करोड़ और **आम आदमी पार्टी** ने रु 45.45 करोड़ की आय घोषित की है |
- 6 राष्ट्रीय दलों ने वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान **रु 1033.7197 करोड़** की आय "**स्वैच्छिक योगदान**" से अर्जित की है |
- वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए **6 राष्ट्रीय दलों** ने अन्य योगदान से **रु 532.5424 करोड़** की आय दर्शायी है |

## Share of income of political parties through Electoral Bonds, Donations/Contribution & Other Income, FY 2022-23 (in Rs Cr)




| National Party | Share of income of political parties through Electoral Bonds, Donations/Contributions & other income, FY 2022-23 | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | Share of donations through Electoral Bonds of total declared Income | % Share | Share of donations/contributions of total declared Income | % Share | Share of other sources of income of total declared Income | % Share | Total declared Income |
| BJP | 1294.1499 | 54.82% | 825.9143 | 34.98% | 240.7798 | 10.20% | **Rs 2360.844 cr** |
| INC | 171.02 | 37.80% | 97.6078 | 21.58% | 183.7472 | 40.62% | **Rs 452.375 cr** |
| CPI(M) | 0 | 0% | 63.783 | 45.03% | 77.878 | 54.97% | **Rs 141.661 cr** |
| AAP* | 45.45 | 53.364% | 38.8916 | 45.663% | 0.8284 | 0.973% | **Rs 85.17 cr** |
| BSP | 0 | 0% | 0 | 0% | 29.27 | 100% | **Rs 29.27 cr** |
| NPEP | 0 | 0% | 7.523 | 99.48% | 0.039 | 0.52% | **Rs 7.562 cr** |
| **Total** | **Rs 1510.6199 cr** | **49.096%** | **Rs 1033.7197 cr** | **33.596%** | **Rs 532.5424 cr** | **17.308%** | **Rs 3076.882 cr** |

*आम आदमी पार्टी ने अन्य (चुनावी बांड/चुनावी ट्रस्ट) के अंतर्गत रु 45.45 करोड़ के चंदे की घोषणा की है लेकिन पार्टी ने चुनावी बांड की दानराशि अलग से घोषित नहीं की है |

# एडीआर के अवलोकन

- आम आदमी पार्टी, बीएसपी, एनपीईपी, कांग्रेस और बीजेपी दलों ने अपना ऑडिट रिपोर्ट **5 दिनों** से **72 दिनों** के देरी के बाद चुनाव आयोग को जमा किया है |
- वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए, राष्ट्रीय दलों का सबसे अधिक मुख्य व्यय **चुनावी खर्च/सामान्य प्रचार** और **प्रशासनिक और सामान्य ख़र्च** है |
- एडीआर के आरटीआई आवेदन के जवाब में एसबीआई द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान राजनीतिक दलों ने **रु 2797.3569 करोड़** के चुनावी बांड का नकदीकरण किया था, इसमें से **54%** (रु 1510.6199 करोड़) की दानराशि को राष्ट्रीय दलों द्वारा नकदीकरण किया गया है |
- वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान केवल 6 राष्ट्रीय दलों में से केवल 3 दलों (**बीजेपी**- रु 1294.1499 करोड़, **कांग्रेस**- रु 171.02 करोड़ और **आम आदमी पार्टी** – रु 45.45 करोड़) ने ही चुनावी बांड के माध्यम से **रु 1510.6199 करोड़** की दानराशि घोषित की है
- चुनावी बांड द्वारा दान दाताओं को प्रदान की गई गुमनामी को देखते हुए, वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान राष्ट्रीय दलों का सबसे लोकप्रिय स्त्रोत बनके उभरा है | 8 राष्ट्रीय दलों में से केवल 4 दलों (बीजेपी, कांग्रेस, एनसीपी और आल इंडिया तृणमूल कांग्रेस) ने ही चुनावी बांड के माध्यम से **रु 1811.9425 करोड़** का दान प्राप्त किया है | जिन दानदाताओं ने चुनावी बांड के माध्यम से दान दिया है उनकी पहचान सार्वजनिक तौर पर उपलब्ध नहीं होती है | अभी तक आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध क्षेत्रीय दलों की ऑडिट रिपोर्ट के अध्ययन से पता चलता है की वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान, केवल 10 क्षेत्रीय दलों (डीएमके, बीजेडी, बीआरएस, वाईएसआर-कांग्रेस, जेडी(यू), समाजवादी पार्टी, आम आदमी पार्टी, शिरोमणि अकाली दल, महाराष्ट्रवादी गोमांतक पार्टी और टीडीपी) ने ही चुनावी बॉन्ड के माध्यम **रु 852.88 करोड़** का चंदा प्राप्त करने कि घोषणा की है |
- वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान, 6 राष्ट्रीय दलों में से केवल 2 दलों (**कांग्रेस**- रु 125.7676 करोड़ और **सीपीआई(एम)**- रु 11.031 करोड़) ने ही **कूपन की बिक्री** से कुल रु 136.7986 करोड़ की आय प्राप्त करने की घोषणा की है |

# एडीआर के सुझाव

- सुप्रीम कोर्ट ने 13 सितम्बर 2013 को यह घोषित किया कि उम्मीदवारों के शपथपत्र का कोई भी हिस्सा खाली नहीं रहना चाहिए इसी के तर्ज पर फार्म 24ए (जोकि राजनीतिक दलों द्वारा रु 20,000 से ज्यादा दान देने वाले लोगों के लिए प्रस्तुत किया जाता है ) का भी कोई हिस्सा खाली नहीं होना चाहिए |
- क्योंकि राजनीतिक दलों की आय का अधिकतम प्रतिशत (70 प्रतिशत) अज्ञात स्त्रोतों से आता है, दानदाताओं की पूरी जानकारी, सार्वजनिक जाँच के लिए आम जनता को उपलब्ध होनी चाहिए | भूटान, नेपाल, जर्मनी, फ़्रांस, इटली, ब्राजील, बल्गेरिया, अमेरिका तथा जापान जैसे देशों में ऐसा किया जाता है | इन देशों में से किसी भी देश में राजनीतिक दलों के आय स्त्रोत का 70 प्रतिशत अज्ञात रहना असम्भव होगा |
- वित्त विधेयक 2017 के अनुसार इनकम टैक्स अधिनियम की धारा 13A में यह संशोधन किया गया था की सभी पंजीकृत राजनीतिक दलों को कर में छूट दी जाएगी "बशर्ते वो राजनीतिक दल जो अपने पिछले साल का आयकर विवरण (ऑडिट रिपोर्ट) एक निश्चित प्रारूप में नियमित तारीख तक आयकर विभाग को जमा करता है" | इस प्रकार जो दल निर्धारित तारीख पर या उससे पहले अपना ऑडिट रिपोर्ट आयकर विभाग को जमा नहीं करता है ऐसे दलों को कर में छूट नहीं देनी चाहिए और इनकी मान्यता भी रद्द कर देनी चाहिए |
- राजनीतिक दलों को सूचना के अधिकार के तहत अपने वित्त सबंधित सभी जानकारी प्रदान करनी चाहिए जो राजनीतिक दलों, चुनावों और लोकतंत्र को मजबूत करेगा |
- आईसीएआई के दिशानिर्देशों का पालन नहीं करने वाले राजनीतिक दलों को आयकर विभाग द्वारा जाँच किया जाना चाहिए |


# अस्वीकरण

रिपोर्ट में उपयोग किए गए डाटा का स्त्रोत राष्ट्रीय राजनीतिक दलों द्वारा आयकर विभाग और भारत चुनाव आयोग को प्रस्तुत वार्षिक ऑडिट रिपोर्ट से लिया गया है | एडीआर किसी भी जानकारी को अपने रिपोर्ट में तब तक नहीं जोड़ता या घटाता है जब तक चुनाव आयोग डाटा में बदलाव नहीं करता | विशेष रूप से, किसी अन्य स्त्रोत से किसी भी असत्यापित जानकारी का उपयोग नहीं किया जाता है | इस डाटा को https://myneta.info/party और चुनाव आयोग के **वेबसाइट** में देख सकते हैं | डाटा को सुनिश्चित करने के लिए सभी प्रयास किए गए हैं और यह जानकारी राजनीतिक दलों द्वारा प्रस्तुत विवरणों में उल्लेखित आकड़ों के अनुरूप है | यदि इस रिपोर्ट में दी गयी जानकारी और दलों के विवरणों में घोषित जानकारी में अंतर् पाया जाता है तो ऐसे मामलों में राजनीतिक दलों द्वारा दी गई जानकारी ही सही मानी जानी चाहिए | एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर), नेशनल इलेक्शन वॉच (एनईडब्लू) और उसके स्वयंसेवक इसके प्रकाशन से प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से होने वाली किसी भी क्षति के लिए जिम्मेदार या उत्तरदायी नहीं होंगे |

यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि एडीआर, भारत के चुनाव आयोग और सबंधित राज्य के मुख्य कार्यकारी अधिकारीयों के साथ प्रस्तुत राजनीतिक दलों के ऑडिट और योगदान रिपोर्ट के विश्लेषण और प्रसार में बहुत अत्यधिक सावधानी बरतता है | इस तरह की जानकारी का उद्देश्य केवल ***हमारी चुनावी और राजनीतिक प्रक्रिया में धन के बढ़ते दुरूपयोग को उजागर करना है ताकि पारदर्शिता, जवाबदेही और सुशासन की प्रणाली को सुगम बनाया जा सके और मतदाताओं को एक सूचित विकल्प बनाने में सक्षम बनाया जा सके*** | इसलिए, यह अपेक्षा की जाती है कि इस रिपोर्ट का उपयोग करने वाला कोई भी व्यक्ति एडीआर द्वारा उपलब्ध कराए गए डाटा का उपयोग करते समय उचित और अत्यधिक सावधानी बरतेगा | एडीआर किसी भी गलत तरीके से निपटने, विसंगति, समझने में असमर्थता, गलत व्याख्या या हेरफेर, डाटा को इस तरह से विकृत करने के लिए जिम्मेदार नहीं है ताकि किसी विशेष राजनीतिक दल या राजनेता या उम्मीदवार को लाभ या लक्षित किया जा सके |

# सम्पर्क


| **Media and Journalist Helpline** | **Maj. Gen Anil Verma (Retd.)** | **Prof Jagdeep Chhokar** | **Prof Trilochan Sastry** |
|---|---|---|---|
| +91 80103 94248 | Head, NEW & ADR | IIM Ahmedabad (Retd.) | IIM Bangalore |
| Email: adr@adrindia.org | +91 87997 18472 | Founder, NEW & ADR | Founder, NEW & ADR |
| https://adrindia.org/about-adr/state-coordinators | anilverma@adrindia.org | jchhokar@gmail.com | +91 94483 53285 |
| | | | tsastry@gmail.com |


ADR Association for Democratic Reforms
myneta.info National Election Watch
Association for Democratic Reforms and National Election Watch present
THE UPGRADED
MYNETA APP
MYNETA
Recent Elections
MYNETA
an open data repository run by Association for Democratic Reforms
ADR
BSP
Bahujan Samaj Party
National Party
CPI
Communist Party of India
National Party
DOWNLOAD TODAY!
And be a part of our #MeraVoteMeraDesh Campaign
GET IT ON Google Play
Scan the QR code to download
Visit our website:
www.adrindia.org
www.myneta.info

हमें आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनावों के लिए हमारे "**मेरा वोट मेरा देश**" अभियान का समर्थन करने के लिए आपकी सहायता की आवश्यकता है | इस अभियान का उद्देश्य राजनीतिक प्रक्रिया में भ्रष्टाचार और अपराधीकरण को खत्म करना, उम्मीदवारों और राजनीतिक दलों के बारे में जानकारी के अधिक प्रसार के माध्यम से मतदाताओं को सशक्त बनाना है |

आप निम्नलिखित क्यूआर कोड का उपयोग करके हमें योगदान दे सकते हैं या हमारी वेबसाइट के **दान लिंक** तक पहुंच सकते हैं |